जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः एफ/प्रशा/स्था /2023/7777 दिनांक 01/01/24

//अधिसूचना//

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला ग्वालियर के पत्र क्रमांक निर्वा/25–6/वि.स.पु./119/2023/5678 ग्वालियर दिनांक 26 दिसम्बर 2023 के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली की एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्री–रिविजन कार्यवाही एवं पुनरीक्षणं कार्यक्रम हेतु दिनांक 01 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के अनुसार मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु पुनरीक्षण संबंधी निर्देश दिये गये है। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 के दौरान अनेक कार्मिकों के नाम उनकी पदस्थापना स्थल की विधानसभा क्षेत्र में दर्ज न होने के कारण पोस्टल मतपत्र का उपयोग करने में कठिनाई का अनुभव किया गया था। शासकीय सेवारत कर्मी का सामान्य निवास उसके पदस्थापना का मुख्यालय होता है। अतः उनका नाम उसी विधानसभा क्षेत्र में दर्ज होना आवश्यक है।

अतः इस संबंध में आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के परिपालन में विश्वविद्यालय के समस्त नियमित एवं स्थायीकर्मी कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि वे संलग्न प्रोफार्मा में अपनी जानकारी भरकर दिनांक 10/01/2024 तक प्रशासन विभाग की ई–मेल आई0डी0 juadmsection@gmail.com पर अनिवार्य रूप से भेजे या प्रशासन विभाग में जानकारी स्वयं जमा करें।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. समस्त कर्मचारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. समस्त अधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. आयुक्त, ग्वालियर संभाग ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
6. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
7. सहा0/उप–कुलसचिव (प्रशा0), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. श्री संजय बरतरिया, आई0टी0 प्रभारी की ओर बेबसाईड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
9. पत्रावली हेतु।

सहा0–कुलसचिव (प्रशासन)

//प्रमाण–पत्र//

"यह प्रमाणित किया जाता है कि मैं कार्यालय ....में कार्यरत हूँ मेरा नाम मेरे कार्यालय मुख्यालय/मुख्यालय पर निवासरत की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक नाम ....में सम्मिलित है या मेरे द्वारा नाम शामिल करने हेतु कार्यालय मुख्यालय/मुख्यालय पर निवासरत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक व नाम ....में प्ररूप –6 पर दिनांक ....को आवेदन कर दिया गया है।"

हस्ताक्षर

कार्यरत कर्मचारी का नाम

कार्यालय का नाम

मोबाईल नम्बर